कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

पत्रांकः केयू/आर0ओ0/2019–20/402 दिनांक 28–02–2020
29

अधिसूचना

माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति (कुमाऊँ विश्वविद्यालय) उत्तराखण्ड शासन देहरादून की स्वीकृति के क्रम में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल का 16वां दीक्षान्त समारोह डी0एस0बी0परिसर, नैनीताल स्थित प्रेक्षागृह में दिनांक 07 मार्च, 2020 को प्रातः 10.00 बजे से अयोजित किया जाना निश्चित हुआ है। इस दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता श्रीमती बेबी रानी मौर्य, माननीय राज्यपाल महोदया, उत्तराखण्ड शासन द्वारा की जायेगी। डा0 रमेश पोखरियाल, ''निशंख ''मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। डा0 धन सिंह रावत माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार एवं माननीय श्री सुबोध उनियाल , कृषि एवं विपणन मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। दीक्षान्त समारोह में माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के न्यायाधीश डी0आई0 चन्द्रचूड जी, पद्म श्री डा0 सौमित्र रावत जी एवं श्री रजत शर्मा जी, चेयरमैन एवं एडिटर इन चीफ, इण्डिया टीवी को मानद उपाधि प्रदान की जायेगी।

इस समारोह में विश्वविद्यालय के परिसरों एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों एवं निजी संस्थानों में वर्ष 2019 में स्नातक/स्नातकोत्तर/पी–एच0डी0 पूर्ण/उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी तथा विभिन्न पाठ्यकमों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विभिन्न मैडल महामहिम राज्यपाल महोदया द्वारा प्रदान कर पुरस्कृत किया जायेगा। वर्ष 2019 में स्नातक/स्नातकोत्तर/पी–एच0डी0 पूर्ण/उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उपाधि प्राप्त हेतु समस्त प्रपत्रों सहित दिनांक 29 फरवरी, 2020 से 03 मार्च, 2020 तक विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

डा0 महेश कुमार
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. परिसर निदेशक, डी0एस0बी0परिसर, नैनीताल/एस0एस0जे0परिसर, अल्मोड़ा/सर जे0सी0 बोस टैक्नीकल परिसर, भीमताल।
2. निदेशक, डी0आई0सी0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय वैबसाईट में अपलोड करने हेतु।
3. जन सम्पर्क अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
4. निजी सचिव–कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

डा0 महेश कुमार
कुलसचिव